# फिल्म सिटी का काम दो माह में शुरू होगा

## तैयारी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी का निर्माण कार्य आगामी दो माह में शुरू हो जाएगा। इंटरनेशनल फिल्म सिटी बनाने के लिए दिग्गज फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट एलएलपी व भूटानी ग्रुप को जिम्मेदारी दी गई है। योगी सरकार की ओर से कंपनी को जेवर में जमीन अलॉट करते हुए एलओए भी प्रदान कर दिया गया है।

## कंपनी अब फाइनल प्लान बनाने में जुटी

सोमवार को ही फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर और उनकी टीम ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। इस दौरान आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह और यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह भी मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बोनी कपूर को एलओए प्रदान किया। जमीन अलॉट होने के बाद कंपनी फाइनल प्लान बनाने में जुट गई है।

## दिखेगी मेक इन इंडिया और यूपी की झलक

बेव्यू प्रोजेक्ट एलएलपी के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि फिल्म सिटी में प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया और मेक इन यूपी की झलक दिखनी चाहिए। इस पर हमने उन्हें एश्योर किया है कि जो भी निर्माण होगा वो मेक इन इंडिया और मेक इन यूपी के तहत ही किया जाएगा। अगले दो माह में हमारी योजना काम शुरू करने की है।